# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–17 सितम्बर 2026** **सान्ध्य समाचार**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनसेवा के 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी का महीने भर चलने वाला राष्ट्रव्यापी 'सेवा संकल्प अभियान' आज से शुरू हो गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज वाराणसी से प्रदेशव्यापी अभियान का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम में आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू, केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी भी शामिल हुए। इस अवसर पर काशी विश्वनाथ धाम में विशेष पूजा अर्चना की गयी और धाम के पुरोहित, आचार्यों तथा स्वच्छता कर्मियों को सम्मानित किया गया। साथ ही वाराणसी से गुजरात के वडनगर की सेवा यात्रा पर निकले बाइकर्स को रवाना किया गया। इस दौरान अपने सम्बोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी यात्रा को बिना रुके और बिना थके आगे बढ़ाया है।

***यह वर्ष हमारे लिए अत्यंत महत्वपूर्ण वर्ष है। हेड ऑफ द स्टेट के रूप में आदरणीय प्रधानमंत्री जी के सेवा संकल्प के 25 वर्ष पूरे होने जा रहे हैं, 7 अक्टूबर 2026 को। 7 अक्टूबर 2001 को गुजरात के माननीय मुख्यमंत्री के रूप में मोदी जी ने शपथ ली थी। और तब से बिना रुके, बिना झुके, बिना डिगे चरैवेति चरैवेति के इस मंत्र के साथ उन्होंने अपनी इस यात्रा को आगे बढ़ाया। अपने तप से, अपने परिश्रम से, अपनी साधना से और आज भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री के रूप में उनकी यह गौरवशाली यात्रा हम सब 140 करोड़ भारतवासियों को एक नए भारत का दर्शन करा रहा है।***

इस अवसर पर अपने सम्बोधन में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पिछले 25 वर्षों से अनवरत जनसेवा और राष्ट्र सेवा कर रहे हैं।

***साथियों, मोदी जी पहले 13 वर्षों तक गुजरात के मुख्यमंत्री रहे और पिछले 12 वर्षों से भारत के प्रधानमंत्री के रूप में वह अपनी भूमिका का निर्वाह कर रहे हैं। यानी 25 वर्षों में अनवरत उन्होंने जनसेवा का काम किया है। और आज भारत को ऐसे हालात में पहुंचा दिया है कि अंतरराष्ट्रीय मंच पर आज भारत जो कुछ भी बोलता है, भारत की बातों को बहुत ही गंभीरता पूर्वक सुना जाता है।***

इस मौके पर प्रधानमंत्री के जनसेवा से राष्ट्र सेवा के 25 वर्षों पर आधारित प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया।

**********

देशव्यापी 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत प्रदेश के अलग–अलग जिलों में विविध आयोजन किए जा रहे हैं। एक रिपोर्ट–

***सेवा संकल्प अभियान के तहत उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने लखनऊ के सिविल अस्पताल में आज रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया। उप मुख्यमंत्री के निर्देश पर प्रदेश के सभी जिलों के अस्पतालों में रक्तदान शिविर के आयोजन किए गए और मरीजों में फल भी वितरित किए गए। इसी क्रम में अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। चंदौली जिले में इस अवसर पर मंदिर परिसरों में श्रमदान किया गया। अभियान के तहत प्रदेश में अगले एक महीने तक स्वच्छता, पौधरोपण और जनसेवा से जुड़े विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। समाचार कक्ष से प्रेम चन्द्र गुप्ता।***

**********

आज विश्वकर्मा जयंती मनाई जा रही है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोरखपुर में आयोजित विश्वकर्मा पूजनोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए। अपने सम्बोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के सभी हस्तशिल्पियों और कारीगरों को 'पीएम विश्वकर्मा' के रूप में एक प्लेटफॉर्म उपलब्ध करवाया है।

***नए भारत में प्रधानमंत्री मोदी जी ने आप सभी हस्तशिल्पी और कारीगरों को पीएम विश्वकर्मा के रूप में एक प्लेटफार्म उपलब्ध करवाया है। प्रधानमंत्री जी का कहना है कि जो भी देश अपने हस्तशिल्पी और कारीगरों को, अपने आर्टिजन्स का सम्मान करता है, वह आगे बढ़ता है। और इसीलिए चाहे वह विश्वकर्मा श्रम सम्मान के माध्यम से आज आपने देखा होगा, चाहे वह राजमिस्त्री हो, चाहे वह लकड़ी का कार्य करने वाला बढ़ई हो, चाहे वह हलवाई हो, चाहे वह सुनार का काम करने वाला स्वर्ण व्यवसायी हो, कारीगर हो, या फिर समाज के अंदर ऐसे तमाम कारीगरी है जो कारीगरी इस समाज के स्वावलंबन का आधार बनी थी।***

इस बीच, पीएम विश्वकर्मा योजना के आज तीन वर्ष पूरे हो गए हैं।

**********

स्वच्छता ही सेवा अभियान 2026 आज से देशभर में शुरू हो गया। इस वर्ष अभियान का विषय है–**स्वच्छता में सहभागिता, स्वच्छ भारत–विकसित भारत।** अभियान के तहत आकाशवाणी गोरखपुर में आज ठोस अपशिष्ट नियम–दो हजार छब्बीस विषय पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में मुख्य वक्ता के तौर पर वरिष्ठ पत्रकार उमेश पाठक ने इस नियम के प्रमुख बिन्दुओं के बारे में चर्चा की। इस अवसर पर आकाशवाणी वाराणसी के क्लस्टर प्रमुख राहुल सिंह सहित आकाशवाणी, गोरखपुर के कई अन्य अधिकारी और कर्मचारीगण मौजूद रहे।

**********